15U208

Name : ....

(Pages : 2)

Reg No : ....

SECOND SEMESTER B.Sc Computer Science/ B C A DEGREE EXAMINATION, JUNE 2016

(CUCBCSS- UG)

(Common Course: Hindi)

CC15U HN2 A08 (3) - Literature in Hindi

(2015 Admission)

Time: Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्नसंख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है)

क. कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :-

1. निर्गुण भक्ति धारा के सबसे प्रमुख कवि कौन थे ?
   (सूरदास, बिहारी, तुलसीदास, कबीरदास)
2. शोकगीत किस्की रचना है?
   (अरुण कमल, उदय प्रकाश, अनामिका , कात्यायनी)
3. 'दिल्ली में एक मौत' किसकी कहानी है ?
   (यशपाल, मोहन राकेश, जैनेन्द्र कुमार, हरिशंकर परसाई)
4. 'ताज' किसकी कविता है ?
   (सुमित्रानन्दन पंत, निराला, धुमिल, अज्ञेय)
5. 'मवाली' कहानी का रचनाकार कौन है?
   (यशपाल, कमलेश्वर, प्रेमचन्द, मोहन राकेश)

ख. एक एक शब्द में उत्तर लिखिए

6. सूरदास को 'पुष्टिमार्ग का जहाज़' किसने कहा ?
7. 'औरतें ' कविता का रचनाकार कौन है?
8. 'डौली ' किस कहानी का पात्र है?
9. महानगर की हलचल में फैली हुई अमानवीयता का चित्रण पेश करनेवाली कहानी का नाम क्या है?
10. 'अपना - पराया' कहानी का मुसाफिर कौन था? **(1x10=10)**

II. किन्हीं दस प्रशनों के उत्तर दो - तीन वाक्यों में लिखिए :-

11. ''हम तो कहीं धरती के नीचे दबे- सोयेंगे"- का मतलब क्या है?
12. अपने समय की सर्वाधिक चर्चित कहानी लिखते समय कवि क्या कर रहा था ?
13. 'आदमी का बच्चा' कहानी में प्रतिपादित विषय क्या है?
14. चित्रगुप्त की चिंता का कारण क्या था ?
15. 'गत युग के मृत आदशौं का ताज मनोहर' इसका भाव क्या है?

16. सूरदास की प्रमुख तीन रचनाएँ क्या क्या है?

17. 'नये इलाके' में कविता का प्रतिपाद्य विषय प्रस्तुत कीजिए ?

18. मैथिली शरण गुप्त के अनुसार नयी राष्ट्रीय जागृति कैसे संभव है?

19. पेंशन के कागज़ातों पर नारद ने वज़न के रूप में क्या रखा और क्यों ?

20. मवाली केलिए टिक्का का क्या महत्व है ?

21. 'हम तो ज़मीन ही तैयार कर पायेंगे, क्रांतिबीज बोने कुछ बिरले ही आयेंगे' । यह पद्यांश किस कविता से उद्धृत है? कौन ज़मीन तैयार कर पाएँगे?

22. एक ही दिन में पुरानी पड जाती है दुनिया - इसका भाव समझाइए **(10x2=20)**

III. किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए:-

23. कबीर के व्यक्तित्व और रचनाओं का परिचय दीजिए

24. 'फसल' कविता की विशेषताएँ क्या क्या है?

25. मगर यह वक्त धबराये हुए लोगों की शर्म/आँकने का नहीं / और न यह पूछने का- कि सन्त और सिपाही में / देश का सबसे बडा दुर्भाग्य / सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

26. 'दिल्ली में एक मौत' नामक कहानी का संदेश संक्षिप्त रूप में लिखिए ।

27. "अब यही है उपाय कि हर दरवाज़ा खंटखटाओ/ और पूछो क्या यही है वो घर? सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

28. 'शोकगीत' वस्तुतः एक आदमी की बिडम्बनाओं की कविता है। विश्लेषण कीजिए। **(4x5=20)**

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए.

29. 'मवाली' कहानी के माध्यम से कहानीकार कौन -सी सामाजिक समस्या प्रस्तुत करते है ?

30. 'मनुष्यता' कविता का सारांश लिखकर उसमें निहित विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

31. 'भोलाराम का जीव' कहानी के आधार पर हरिशंकर परसाई ने सरकारी व्यवस्था के कैसा चित्र प्रस्तुत किया है? **(2x15=30)**

****